प्रेस नोट

दिनांक 03.02.2025

थाना राठ पुलिस द्वारा डकैती की योजना बनाते हुए 03 अभियुक्त अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग अभियान के क्रम में आज दिनांक 03.01.2025 को कुर्रा रोड थाना राठ जनपद हमीरपुर से 03 अभियुक्तों के पास से 02 अदद अवैध देशी तमंचे 315 बोर व 06 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अदद बांस का डंडा, 01 अदद सब्बल (लोहा) के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 43/2025 धारा 310 (4) BNS व 3/9/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

अभियुक्तगण से पूछताछ का विवरण-

पूछताछ से अभियुक्तगण ने बताया कि आज हम लोग राहगीरों के रुपये व सामान लूटने के लिये खड़े थे। आने जाने वाले लोगों को डंडे से मारकर घायल कर देते है तथा उनके रुपये व सामान लेकर आपस में बटवारा कर लेते है। हम लोग कार से सून सान जगहों पर जाते है कार को दूर खड़ी कर आने जाने वाले लोगों के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना करते है तथा घरों में पीछे से छत के रास्ते से घुसकर चोरी भी करते है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 25.01.2025 की रात्रि श्रीमती विनीता (अध्यापिका) नि0 मुहल्ला दीवानपुरा कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर के घर में चोरी की नियत से घुसने की बात भी कबूल किया। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि दिनांक 25.01.2025 की रात्रि में मुहल्ला दीवानपुरा में मीनाक्षी जिम के पीछे चोरी करने के लिये एक घर की छत पर चढकर 03 लोग घर के अन्दर गये थे तथा हमारे अन्य साथी कार लेकर दूर खड़े होकर पुलिस व अन्य लोगों पर नजर रखे थे, परन्तु उस घर में एक महिला जग गयी थी जिसकी वजह से हम लोग डर के कारण भाग आये थे।

सम्बंधित मुकदमा

मु0अ0सं0 43/2025 धारा 310 (4) BNS व 3/9/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.हिमांशू राजपूत पुत्र अखिलेख (उम्र करीब 19 वर्ष) निवासी कुलेन्हडा थाना मझगवां जिला हमीरपुर ।

2. रोहित कुमार उर्फ भूरा पुत्र रामगोपाल (उम्र करीब 30 वर्ष) निवासी इटैलिया बाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर ।

3.प्रवीन पुत्र हरि सिंह (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी कुलेन्हडा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर ।

बरामदगी का विवरण-

1) 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद सब्बल लोहा।

2) 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3) 01 अदद बांस का डंडा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1) उ0नि0 विनेश गौतम

2) उ0नि0 रोहित साहू

3) उ0नि0 शिवम दत्त

4) का0 अभिषेक राजपूत

5) का0 शिवम कुमार